कार्यालय प्राचार्य, संजय गॉधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (म0प्र0)

क्र.......38....../स्वशासी/2021 सीधी, दिनांक ....

क्र. ..../06.07.2021

अधिसूचना

स्नातक प्रथम एवं द्वितीय (नियमित/भूतपूर्व/पूरक) एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा (नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी) हेतु परीक्षार्थियों को निर्देश

म.प्र.शासन के आदेश क्रमांक एफ 589/142/आ.उ.शि./शा–5 अ/2021 दिनांक 04.05.2021 के परिपालन में स्नातक प्रथम/द्वितीय वर्ष एंव स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाऐं ओपेन बुक पद्धति से करवाये जाने के आदेश प्राप्त हुए है। परीक्षा के संचालन हेतु परीक्षार्थियों को निम्नानुसार निर्देश जारी किए जाते हैं।

1. परीक्षार्थियों के लिये सभी विषयों के प्रश्न पत्र शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी की बेवसाइट **sgsgovtpgcollegesidhi.org** पर अपलोड किये जायेगे। परीक्षार्थी समय सारणी अनुसार उन्हे ऑनलाइन डाउनलोड कर ओपेन बुक प्रणाली के माध्यम से प्रश्न पत्र हल करेगे।

2. विषय के यदि दो/तीन से सम्बंधित प्रश्न पत्र है, तब उस विषय का प्रश्न–पत्र एक ही रहेगा, जिससें 'A' खण्ड प्रथम प्रश्न–पत्र का रहेगा और 'B' खण्ड द्वितीय प्रश्न पत्र का रहेगा परीक्षार्थी को विषयों के दोनों प्रश्न पत्र अलग–अलग कॉपी में लिखने होगे यदि तीन तीन प्रश्न पत्र है तो तीन पृथक–पृथक उत्तर पुस्तिकायें लिखकर (महाविद्यालय के सभी विभाग) संग्रहण केन्द्र पर निर्धारित समय पर जमा करना होगा। इसी प्रकार स्नातकोत्तर कक्षाओ में चार प्रश्न पत्र खण्ड A, B, C, D होगें किन्तु उत्तर पुस्तिका चार अलग–अलग लिखनी होगी।

3. वेवसाइट पर महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कवर पृष्ठ प्रत्येक उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ होगा।

4. परीक्षार्थी A4 साइज की उत्तर पुस्तिका कुल 16 पृष्ठ अधिकतम का उपयोग करेगा। प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के कवर पृष्ठ पर छात्र अपनी कक्षा, रोल नम्बर, विषय, प्रश्न–पत्र, नामांकन क्रमांक एवं समय सारणी के अनुसार दिनांक अनिवार्य रूप से अंकित करेगा। अन्यथा परीक्षा परिणाम बाधित होगा तो इसकी जबावदारी परीक्षार्थी की होगी। **उत्तर पुस्तिका के साथ प्रवेश पत्र की छायाप्रति भी संलग्न करेगा।**

5. उत्तरपुस्तिका परीक्षार्थी द्वारा स्वयं लिखी जायेगी।

6. उत्तर पुस्तिकायें संग्रहण केन्द्र (महाविद्यालय के सभी विभाग) पर निर्धारित समय में एक साथ जमा करना होगा।

7. प्रश्न पत्र निबंधात्मक प्रकार का रहेगा जिसमें प्रत्येक इकाई से एक–एक प्रश्न रहेंगे। एक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 300 शब्द रहेगी।

8. परीक्षार्थी को प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के अंत में प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

9. उत्तर पुस्तिका हेतु ए–4 साइज पेपर की व्यवस्था परीक्षार्थियों को स्वयं करनी होगी।

10. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र को हल करने के लिए नीले एंव काली स्याही के बॉल पेन का ही उपयोग कर सकेंगें।

11. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र हल करने के लिए निर्धारित शब्द संख्या के अधिक न लिखें।

12. स्वशासी स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रहण केन्द्र विषयवार संबंधित विषय के विभागाध्यक्ष द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कराया जा सकेगा ताकि सोशल डिस्टिेंसिंग का पालन सुनिनिश्चत हो सके। उत्तर पुस्तिका जमा करने के लिये छात्रों को रजिस्टर पर हस्ताक्षर रोल नम्बर एवं मोबाइल नम्बर लिखना आवश्यक है।

परीक्षा नियंत्रक
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

प्राचार्य
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

पृ0क्र. 39 /स्वशसी/2021

सीधी, दिनांक 6/7/21

प्रतिलिपि :–

1. कुल सचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा म.प्र.।
2. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग रीवा म.प्र.।
3. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र छात्रहित में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. स्वशासी/स्थापना लिपिक।
5. सूचना पटल/महाविद्यालय की बेवसाइट में अपलोड हेतु।

परीक्षा नियंत्रक
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

प्राचार्य
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

O/C